1. Saharia tribe's scaffolding hut on tree is known as -
(1) Lur (2) Dhundhe
(3) Tapri (4) Topa/Korua
(5) Question not attempted

2. Consider the following rivers of Rajasthan -
(A) Mazam (B) Berach
(C) Ruparel (D) Kali Sindh
How many of the above are part of the Chambal river system?
(1) Only two (2) Only one
(3) Only three (4) All four
(5) Question not attempted

3. Which of the following districts are included in the Humid South-Eastern Plain Agro-Climatic Zone of Rajasthan?
(A) Kota (B) Jhalawar
(C) Banswara (D) Dungarpur
**Code -**
(1) Only (A), (B) and (C)
(2) (A), (B), (C) and (D)
(3) Only (C) and (D)
(4) Only (A) and (B)
(5) Question not attempted

4. Consider the following -

| **Industry (Cement)** | | **Place** |
|---|---|---|
| (A) J.K. Cement | - | Mangrol |
| (B) A.C.C. | - | Lakheri |
| (C) Mangalam Cement | - | Rabriyawas |
| (D) UltraTech Cement | - | Chittorgarh |

How many of the above are correctly matched?
(1) Only three (2) All four
(3) Only two (4) Only one
(5) Question not attempted

5. According to India State of Forest Report-2023, which among the following is/are correct about forests in Rajasthan?

| **Legal status** | | **Percentage** |
|---|---|---|
| (A) Reserve forest | - | 36.05 |
| (B) Protected forest | - | 57.55 |
| (C) Unclassified forest | - | 6.40 |

Select the correct answer using the code given below -
**Code -**
(1) (B) and (C) (2) (A) and (B)
(3) Only (A) (4) Only (C)
(5) Question not attempted

1. सहरिया जनजाति के पेड़ों पर बनी मचाननुमा झोपड़ी को कहते हैं –
(1) लुड़ (2) ढूंढे
(3) टापरी (4) टोपा/कोरुआ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. राजस्थान की निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिए –
(A) माज़म (B) बेड़च
(C) रूपारेल (D) काली सिंध
उपर्युक्त में से कितनी चम्बल नदी तंत्र का भाग हैं?
(1) केवल दो (2) केवल एक
(3) केवल तीन (4) सभी चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. राजस्थान के आर्द्र दक्षिण–पूर्वी मैदानी कृषि–जलवायु क्षेत्र में, निम्नलिखित में से कौनसे जिले सम्मिलित हैं?
(A) कोटा (B) झालावाड़
(C) बाँसवाड़ा (D) डूंगरपुर
**कूट –**
(1) केवल (A), (B) और (C)
(2) (A), (B), (C) और (D)
(3) केवल (C) और (D)
(4) केवल (A) और (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –

| **उद्योग (सीमेन्ट)** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| (A) जे.के. सीमेन्ट | – | मांगरोल |
| (B) ए.सी.सी. | – | लाखेरी |
| (C) मंगलम सीमेन्ट | – | राबरियावास |
| (D) अल्ट्राटेक सीमेन्ट | – | चित्तौड़गढ़ |

उपर्युक्त में से कितने सुमेलित हैं?
(1) केवल तीन (2) सभी चार
(3) केवल दो (4) केवल एक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023 के अनुसार, राजस्थान में वनों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा/से सही है/हैं?

| **वैधानिक स्थिति** | | **प्रतिशत** |
|---|---|---|
| (A) आरक्षित वन | – | 36.05 |
| (B) रक्षित वन | – | 57.55 |
| (C) अवर्गीकृत वन | – | 6.40 |

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –
**कूट –**
(1) (B) तथा (C) (2) (A) तथा (B)
(3) केवल (A) (4) केवल (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

6. Which among the following has the maximum height from the sea level?

(1) Kamalnath (2) Rishikesh
(3) Achalgarh (4) Jeliya Dungar
(5) Question not attempted

7. Consider the following statements about the Rajasthan Cooperative Dairy Federation (RCDF) -

(A) It was set up in 1977 for dairy development programmes in Rajasthan.
(B) It is registered under the Rajasthan Cooperative Societies Act.

Which of the above statements is/are correct?

(1) Only (B) (2) Only (A)
(3) Both (A) and (B) (4) Neither (A) nor (B)
(5) Question not attempted

8. The general trend of Isohyets in Rajasthan is from -

(1) North-West to South-East
(2) North-West to North-East
(3) North-East to South-West
(4) West to East
(5) Question not attempted

9. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below -

| **List-I Tourist centres** | **List-II Location** |
|---|---|
| (A) Bala Fort | (i) Balotra |
| (B) Gagron Fort | (ii) Alwar |
| (C) Nakoda | (iii) Bikaner |
| (D) Karni Mata Temple | (iv) Jhalawar |

**Code -**

(1) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(2) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(3) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(5) Question not attempted

10. In the year 2011, the districts having the highest and the lowest proportion of child population (0-6 years) in urban areas in Rajasthan were -

| | **Highest** | - | **Lowest** |
|---|---|---|---|
| (1) | Dholpur | - | Udaipur |
| (2) | Jaisalmer | - | Dungarpur |
| (3) | Udaipur | - | Dungarpur |
| (4) | Karauli | - | Ganganagar |

(5) Question not attempted

6. निम्नांकित में से किसकी ऊँचाई समुद्र तल से सर्वाधिक है?

(1) कमलनाथ (2) ऋषिकेश
(3) अचलगढ़ (4) जेलिया डूंगर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन (RCDF) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(A) इसकी स्थापना 1977 में राजस्थान में डेयरी विकास कार्यक्रमों के लिए की गई थी।
(B) यह राजस्थान सहकारी समिति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?

(1) केवल (B) (2) केवल (A)
(3) (A) और (B) दोनों (4) न तो (A) और ना ही (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. राजस्थान में समवर्षा रेखाओं की सामान्य प्रवृत्ति होती है –

(1) उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व की ओर
(2) उत्तर–पश्चिम से उत्तर–पूर्व की ओर
(3) उत्तर–पूर्व से दक्षिण–पश्चिम की ओर
(4) पश्चिम से पूर्व की ओर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट से कीजिए –

| **सूची–I पर्यटन स्थल** | **सूची–II अवस्थिति** |
|---|---|
| (A) बाला किला | (i) बालोतरा |
| (B) गागरोन किला | (ii) अलवर |
| (C) नाकोड़ा | (iii) बीकानेर |
| (D) करणी माता मंदिर | (iv) झालावाड़ |

**कूट –**

(1) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(2) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(3) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. वर्ष 2011 में, राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में बाल/शिशु जनसंख्या (0-6 वर्ष) का सर्वाधिक व सबसे कम अनुपात रखने वाले जिले थे –

| | **सर्वाधिक** | – | **सबसे कम** |
|---|---|---|---|
| (1) | धौलपुर | – | उदयपुर |
| (2) | जैसलमेर | – | डूंगरपुर |
| (3) | उदयपुर | – | डूंगरपुर |
| (4) | करौली | – | गंगानगर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

11. Consider the following statements and choose the correct option -
(A) Vagbhatta, the ruler of Ranthambore, successfully withstood the invasions of Turks.
(B) Balban conducted military campaigns against Bundi and Chittor.
(1) Neither (A) nor (B) is correct (2) Only (B)
(3) (A) and (B) both are correct (4) Only (A)
(5) Question not attempted

12. Which one of the following compositions does NOT belong to Vithu Meha, the renowned poet from Marwar?
(1) Chandaji Ri Veli
(2) Gogaji Ra Rasavala
(3) Pabuji Ra Chhanda
(4) Jhulana Diwan Shri Pratapsinghji Ra
(5) Question not attempted

13. Consider the following statements and choose the correct option -
(A) The Kaila Devi fair is held every year on the Shukla Ashtami in the month of Chaitra.
(B) The worship of Sheetla Mata is performed on Chaitra Shukla Saptami.
(C) A Ganesh fair is held in Ranthambore on Bhadrapada Shukla Chaturthi.
(1) (A) and (C) (2) Only (B)
(3) (A), (B) and (C) (4) Only (A)
(5) Question not attempted

14. In accordance with the orders of Jodhpur's Political Agent Mac Mason, under the leadership of which of the following commander was the cavalry force dispatched to defend Ajmer by the Jodhpur king?
(1) Kushalraj Singhvi (2) Feroz
(3) Arjun Singh (4) Mohammad Ali Baig
(5) Question not attempted

15. Which among the following peasant leaders does NOT belong to 'Shekhawati Peasant Movement'?
(1) Haribhai Kinkar (2) Netram Chaudhary
(3) Harlal Singh (4) Govind Ram
(5) Question not attempted

16. Who among the following was a member of the Council of Ministers of both the United States of Rajasthan and Greater Rajasthan?
(1) Vedpal Tyagi (2) Raghuveer Dayal
(3) Bhurelal Baya (4) Narsingh Kachhwaha
(5) Question not attempted

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –
(A) रणथम्भौर के शासक वाग्भट्ट ने तुर्कों के आक्रमणों का सफलतापूर्वक सामना किया।
(B) बलबन ने बूंदी एवं चित्तौड़ पर सैन्य अभियान किए।
(1) न तो (A) ना ही (B) सत्य है (2) केवल (B)
(3) (A) व (B) दोनों सत्य हैं (4) केवल (A)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. निम्न रचनाओं में से कौनसी रचना, मारवाड़ के प्रसिद्ध कवि वीठू मेहा से सम्बन्धित नहीं है?
(1) चान्दाजी री वेली
(2) गोगाजी रा रसावला
(3) पाबूजी रा छन्द
(4) झूलणा दीवान श्री प्रतापसिंहजी रा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –
(A) कैलादेवी का मेला प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की शुक्ल अष्टमी को लगता है।
(B) शीतला माता का पूजन चैत्र शुक्ल सप्तमी को किया जाता है।
(C) रणथम्भौर में भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गणेश मेला लगता है।
(1) (A) एवं (C) (2) केवल (B)
(3) (A), (B) एवं (C) (4) केवल (A)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. जोधपुर के पॉलिटिकल एजेंट मैक मेसन के आदेश से, जोधपुर नरेश ने किस सेनानायक के नेतृत्व में अपनी अश्वारोही सेना को अजमेर के रक्षार्थ के लिए भेजा था?
(1) कुशलराज सिंघवी (2) फिरोज़
(3) अर्जुन सिंह (4) मोहम्मद अली बेग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्न किसान नेताओं में से कौन 'शेखावाटी किसान आंदोलन' से सम्बन्धित नहीं हैं?
(1) हरिभाई किंकर (2) नेतराम चौधरी
(3) हरलाल सिंह (4) गोविन्द राम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राज्य राजस्थान और वृहत्तर राजस्थान दोनों के मंत्रिमंडल के सदस्य रहे?
(1) वेदपाल त्यागी (2) रघुवीर दयाल
(3) भूरेलाल बया (4) नरसिंह कच्छवाहा
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

17. Which one of the following garments is different from the other three?
(1) Pomcha (2) Mirjai
(3) Chunari (4) Leheriya
(5) Question not attempted

18. Examine the following statements regarding the working mechanism and construction of Rajasthan's 'Ghanvadyas' -
(A) The Khartal consists of rectangular wooden pieces fitted with small metal discs to produce a Jingling sound and it is played by wearing it on the fingers and thumb.
(B) When playing the Thali and Tasli, they are suspended by a string from the left hand and struck with a stick held in the right hand.
(C) The Jhanjh is a small earthen instrument primarily played in the Mewar region alongside rural musical ensembles.
Which of the above statement/s is/are incorrect?
(1) (A), (B) and (C) (2) Only (A)
(3) Only (C) (4) Only (A) and (B)
(5) Question not attempted

19. Which one of the following Indian National Congress Sessions approved the proposal of establishment of Marwar Lok Parishad?
(1) Faizpur Session (2) Haripura Session
(3) Lucknow Session (4) Tripuri Session
(5) Question not attempted

20. As per Abdul Qadir Badayuni, who among the following opposed the appointment of Man Singh as a Commander-in-Chief of Mughal army against Maharana Pratap?
(1) Shahbaz Khan (2) Naqib Khan
(3) Kutubuddin Khan (4) Sultan Khan
(5) Question not attempted

21. Which of the following pairs (Branches of Ramsnehi sect (Ramdwara) : Founder Saint) is matched correctly?
(1) Khedapa (Jodhpur) : Ramcharan Ji
(2) Shahpura (Bhilwara) : Hariramdas Ji
(3) Singhthal (Bikaner) : Ramdas Ji
(4) Ren (Nagaur) : Dariyav Ji
(5) Question not attempted

22. Param Vir Chakra recipient Major Piru Singh belonged to which of the following regiments of the Indian Army?
(1) Rajputana Rifles (2) Jat Regiment
(3) Dogra Regiment (4) The Grenadiers
(5) Question not attempted

17. निम्नलिखित में से कौनसा एक वस्त्र शेष तीनों से भिन्न है?
(1) पोमचा (2) मिरजाई
(3) चुनरी (4) लहरिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. राजस्थान के 'घनवाद्यों' की कार्यप्रणाली और बनावट के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए –
(A) खड़ताल में लकड़ी के चतुर्भुज टुकड़ों में झनझनाहट के लिए धातु की डिस्क लगी होती हैं और इसे अंगुलियों और अंगूठे में पहन कर बजाया जाता है।
(B) थाली और तसली को बजाते समय उन्हें बायें हाथ से डोरी से लटकाया जाता है और दायें हाथ की डण्डी से आघात किया जाता है।
(C) झांझ मुख्य रूप से मेवाड़ क्षेत्र में ग्रामीण बाजों के साथ बजाया जाने वाला एक छोटा मिट्टी का वाद्य है।
उपरोक्त में से कौनसा/से कथन गलत है/हैं?
(1) (A), (B) और (C) (2) केवल (A)
(3) केवल (C) (4) केवल (A) और (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के निम्नलिखित अधिवेशनों में से कौनसे अधिवेशन में मारवाड़ लोक परिषद् की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ?
(1) फैज़पुर अधिवेशन (2) हरिपुरा अधिवेशन
(3) लखनऊ अधिवेशन (4) त्रिपुरी अधिवेशन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. अब्दुल कादिर बदायूनी के अनुसार, निम्नलिखित में से किसने मानसिंह की महाराणा प्रताप के विरुद्ध मुगल सेना के प्रधान सेनापति के रूप में नियुक्ति का विरोध किया था?
(1) शाहबाज़ खान (2) नकीब खान
(3) कुतुबुद्दीन खान (4) सुल्तान खान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (रामस्नेही संप्रदाय की शाखा (रामद्वारा) : संस्थापक संत) सही सुमेलित है?
(1) खेड़ापा (जोधपुर) : रामचरण जी
(2) शाहपुरा (भीलवाड़ा) : हरिरामदास जी
(3) सिंहथल (बीकानेर) : रामदास जी
(4) रैण (नागौर) : दरियाव जी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. परम वीर चक्र विजेता मेजर पीरू सिंह भारतीय सेना की निम्न में से किस रेजिमेंट से सम्बन्धित थे?
(1) राजपूताना राइफल्स (2) जाट रेजिमेंट
(3) डोगरा रेजिमेंट (4) द ग्रेनेडियर्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

**23.** Which leader among the following was imprisoned in the Vellore Jail of Madras Presidency?

(1) Gopal Singh Kharwa
(2) Vijay Singh Pathik
(3) Pratap Singh Barhath
(4) Arjun Lal Sethi
(5) Question not attempted

**24.** The two-storeyed Vedi building is an attraction of which fort?

(1) Nahargarh (2) Kumbhalgarh
(3) Achalgarh (4) Chittorgarh
(5) Question not attempted

**25.** Which of the following dynasty's branch came to Rajasthan from Narwar place in Madhya Pradesh?

(1) Guhils (2) Bhati
(3) Hada Chauhan (4) Kachhwaha
(5) Question not attempted

**26.** Under whose leadership the army was not sent against Chandrasen, the ruler of Marwar by Mughal emperor Akbar?

(1) Shahbaz Khan (2) Jalal Khan
(3) Rai Singh of Bikaner (4) Man Singh of Amer
(5) Question not attempted

**27.** Which of the following statement/s is/are correct?

(A) Ramnarayan Chaudhary was elected Provincial Minister in 1927 at Bombay Session of the All India States Peoples' Conference.
(B) The tricolor flag was hoisted on the Dharma Stupa in Churu on 26 January 1930.
(C) Hemchandra Chhangani wrote an open letter to Viceroy Lord Irwin about the governance of Bikaner.

**Code -**

(1) Only (A) (2) Only (B)
(3) (A) and (B) (4) (A), (B) and (C)
(5) Question not attempted

**23.** निम्नलिखित में से किस नेता को मद्रास प्रेसीडेंसी की वेल्लोर जेल में बन्दी रखा गया था?

(1) गोपाल सिंह खरवा
(2) विजय सिंह पथिक
(3) प्रताप सिंह बारहठ
(4) अर्जुनलाल सेठी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24.** दो मंजिला वेदी भवन किस दुर्ग का आकर्षण है?

(1) नाहरगढ़ (2) कुंभलगढ़
(3) अचलगढ़ (4) चित्तौड़गढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** निम्न में से किस राजवंश की शाखा राजस्थान में मध्यप्रदेश के नरवर नामक स्थान से आई थी?

(1) गुहिल (2) भाटी
(3) हाड़ा चौहान (4) कच्छवाहा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** मारवाड़ के शासक चन्द्रसेन के खिलाफ, मुगल बादशाह अकबर ने निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में सेना नहीं भेजी?

(1) शाहबाज़ खान (2) जलाल खाँ
(3) बीकानेर के रायसिंह (4) आमेर के मानसिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27.** निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1927 में बम्बई में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् के अधिवेशन में रामनारायण चौधरी को प्रांतीय मंत्री चुना गया था।
(B) 26 जनवरी 1930 को चूरू के धर्मस्तूप पर तिरंगा झंडा फहराया था।
(C) हेमचन्द्र छंगाणी ने वायसराय लॉर्ड इरविन को बीकानेर के शासन के बारे में खुला पत्र लिखा था।

कूट –

(1) केवल (A) (2) केवल (B)
(3) (A) और (B) (4) (A), (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

28. Consider the following statements regarding the external influences on the artistic development of the Bundi School -

(A) After Rao Surjan Hada accepted the suzerainty of Akbar in 1569, Mughal elements were introduced into the Bundi style.

(B) The influence of Mughal paintings from the Jahangir era is evident in the artwork of Rao Ratan Singh's time.

(C) Bundi's strategic geographical location helped attract talented painters from different regions.

Which of the above statements are correct?

(1) All (A), (B) and (C) (2) Only (A) and (C)
(3) Only (A) and (B) (4) Only (B) and (C)
(5) Question not attempted

29. With which dynasty Lok Devta Hadbu ji was associated?

(1) Rathore (2) Panwar
(3) Chauhan (4) Sankhla
(5) Question not attempted

30. Consider the following statements about Ganeshwar archaeological site and choose the correct option -

(A) The mound of Ganeshwar is situated at the source of Dhoondh river.

(B) The site of Ganeshwar has been dated to 3800 BC.

(C) Copper weapons and copper tools have been recovered from the excavation of Ganeshwar.

(1) Only (C) is correct
(2) Only (A) is correct
(3) Both (A) and (C) are correct
(4) Both (B) and (C) are correct
(5) Question not attempted

31. When was the State Secretariat of Rajasthan established?

(1) 1949 (2) 1950 (3) 1956 (4) 1952
(5) Question not attempted

32. The book "From Margin to Mainstream Memoirs" is associated with which former Chief Minister of Rajasthan?

(1) Ashok Gehlot (2) Haridev Joshi
(3) Jagannath Pahadia (4) Shiv Charan Mathur
(5) Question not attempted

28. बूंदी स्कूल के कलात्मक विकास पर पड़ने वाले बाहरी प्रभावों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(A) राव सुरजन हाड़ा द्वारा 1569 में अकबर की अधीनता स्वीकार करने के बाद, बूंदी शैली में मुगल तत्वों का प्रवेश हुआ।

(B) राव रतन सिंह के समय की चित्रकला में जहांगीर काल के मुगल चित्रों का प्रभाव दिखाई देता है।

(C) बूंदी की सामरिक भौगोलिक स्थिति ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली चित्रकारों को आकर्षित करने में मदद की।

उपरोक्त में से कौनसे कथन सही हैं?

(1) सभी (A), (B) एवं (C) (2) केवल (A) एवं (C)
(3) केवल (A) एवं (B) (4) केवल (B) एवं (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. लोक देवता हड़बू जी किस वंश से सम्बन्धित थे?

(1) राठौड़ (2) पँवार
(3) चौहान (4) साँखला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. गणेश्वर पुरास्थल से सम्बन्धित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –

(A) गणेश्वर का टीला ढूँढ नदी के उद्‌गम स्थल पर अवस्थित है।

(B) गणेश्वर स्थल की तिथि 3800 ई.पू. निर्धारित की गई है।

(C) गणेश्वर के उत्खनन से ताम्र आयुध व ताम्र उपकरण पुनः प्राप्त हुए हैं।

(1) केवल (C) सत्य है
(2) केवल (A) सत्य है
(3) (A) एवं (C) दोनों सत्य हैं
(4) (B) एवं (C) दोनों सत्य हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. राजस्थान के राज्य सचिवालय की स्थापना कब हुई?

(1) 1949 (2) 1950 (3) 1956 (4) 1952
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. "फ़्रॉम मार्जिन टू मेनस्ट्रीम मैमोयर्स" पुस्तक राजस्थान के किस पूर्व मुख्यमंत्री से संबंधित है?

(1) अशोक गहलोत से (2) हरिदेव जोशी से
(3) जगन्नाथ पहाड़िया से (4) शिव चरण माथुर से
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**33.** Article 243T of the Constitution of India deals with -
(1) Reservation of seats in municipalities
(2) Municipal financial system
(3) Duration of municipalities
(4) Powers of State Election Commission
(5) Question not attempted

**34.** As of 30th April 2026, how many members are there in the seventh State Finance Commission of Rajasthan including the Member Secretary?
(1) 3 (2) 2 (3) 4 (4) 1
(5) Question not attempted

**35.** With reference to the Rajasthan State Commission for Women, consider the following statements -
(i) According to Section 3(2) of the Act of the Commission, the commission shall consist of a Chairperson and in addition to the Members and Member Secretary to be appointed by the state Government, four other Members.
(ii) Among the Members, there shall be one woman belonging to the Scheduled Castes, one woman belonging to the Scheduled Tribes, one woman belonging to the Other Backward Classes and one woman from General category.
Which of the statements given above is/are correct?
(1) Only (ii) (2) Neither (i) nor (ii)
(3) Only (i) (4) Both (i) and (ii)
(5) Question not attempted

**36.** Which one of the following Standing Committees of Rajasthan Legislative Assembly is NOT a Financial Committee?
(1) Public Undertakings Committee
(2) Committee on Government Assurances
(3) Public Accounts Committee
(4) Committee on Estimates (A)
(5) Question not attempted

**37.** The 'Child Secretariat' was established in which of the following places by the Juvenile Justice Committee of the Rajasthan High Court in the year of 2017?
(i) Jodhpur (ii) Jaipur (iii) Ajmer
Choose the correct option -
(1) Only (i) and (ii) (2) (i), (ii) and (iii)
(3) Only (ii) and (iii) (4) Only (i)
(5) Question not attempted

**33.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 243न संबंधित है –
(1) नगरपालिकाओं में सीटों के आरक्षण से
(2) नगरपालिका वित्तीय व्यवस्था से
(3) नगरपालिकाओं की अवधि से
(4) राज्य निर्वाचन आयोग की शक्तियों से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** 30 अप्रैल 2026 तक, राजस्थान के 7वें राज्य वित्त आयोग में सदस्य सचिव सहित कितने सदस्य हैं?
(1) 3 (2) 2 (3) 4 (4) 1
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** राजस्थान राज्य महिला आयोग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –
(i) आयोग के अधिनियम की धारा 3(2) के अनुसार, आयोग में एक अध्यक्ष और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों व सदस्य सचिव के अलावा चार अन्य सदस्य होंगे।
(ii) सदस्यों में से, एक अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जनजाति की, एक अन्य पिछड़ी जाति की और एक सामान्य श्रेणी की महिला होगी।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?
(1) केवल (ii) (2) न तो (i) और ना ही (ii)
(3) केवल (i) (4) (i) और (ii) दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** राजस्थान विधान सभा की निम्नांकित स्थायी समितियों में से कौनसी एक वित्तीय समिति नहीं है?
(1) लोक उपक्रम समिति
(2) सरकारी आश्वासनों पर समिति
(3) लोक लेखा समिति
(4) प्राक्कलन समिति (क)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** राजस्थान उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा वर्ष 2017 में, निम्नलिखित में से किन स्थानों पर 'बाल संचिवालय' की स्थापना की गई?
(i) जोधपुर (ii) जयपुर (iii) अजमेर
सही विकल्प चुनें –
(1) केवल (i) और (ii) (2) (i), (ii) और (iii)
(3) केवल (ii) और (iii) (4) केवल (i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**38.** Consider the following statements -
(I) The predecessor post of Governor of Rajasthan was Rajpramukh.
(II) The post of Governor of Rajasthan was created through 7th Constitutional Amendment.
(III) Hukum Singh was the first to be appointed as Governor of Rajasthan by the President.
Which of the above statements are correct?
**(1)** (I), (II) and (III) **(2)** Only (I) and (III)
**(3)** Only (I) and (II) **(4)** Only (II) and (III)
**(5)** Question not attempted

**39.** The Panchayat Prashikshan Kendra has not been established in which of the following district of Rajasthan?
**(1)** Dungarpur **(2)** Kota
**(3)** Pali **(4)** Bikaner
**(5)** Question not attempted

**40.** When did the Rajasthan Lokayukta and Up-Lokayukta Act come into force?
**(1)** 03 February 1973 **(2)** 26 March 1973
**(3)** 01 January 1973 **(4)** 16 January 1973
**(5)** Question not attempted

**41.** Consider the following statements regarding the Rajasthan Sahitya Academy support under various assistance schemes for the financial year 2025-2026 and choose the correct option -
**Statement (A):** The Academy approved 112 manuscripts under the Manuscript Publication Assistance Scheme.
**Statement (B):** A total of 8 litterateurs received financial assistance in 2025-2026. A total of 21 journals received funding under the Literary Journal-Magazine Assistance Scheme.
**(1)** Statement (A) is true and statement (B) is false
**(2)** Both statements (A) and (B) are false
**(3)** Both statements (A) and (B) are true
**(4)** Statement (A) is false and statement (B) is true
**(5)** Question not attempted

**42.** According to the Rajasthan Budget 2026-27, in which district "Skill Development Hub" will be developed for skill development of local youth for work in the refinery and its ancillary units?
**(1)** Barmer **(2)** Jodhpur
**(3)** Balotra **(4)** Jaisalmer
**(5)** Question not attempted

**38.** निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए –
(I) राजस्थान के राज्यपाल का पूर्वगामी पद राजप्रमुख था।
(II) राजस्थान के राज्यपाल का पद 7वें संवैधानिक संशोधन द्वारा सृजित किया गया था।
(III) हुकुम सिंह पहले थे, जिन्हें राष्ट्रपति ने राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया था।
उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं?
**(1)** (I), (II) व (III) **(2)** केवल (I) व (III)
**(3)** केवल (I) व (II) **(4)** केवल (II) व (III)
**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**39.** राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में पंचायत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित नहीं किया गया है?
**(1)** डूंगरपुर **(2)** कोटा
**(3)** पाली **(4)** बीकानेर
**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**40.** राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम कब से प्रभावी हुआ?
**(1)** 03 फरवरी 1973 से **(2)** 26 मार्च 1973 से
**(3)** 01 जनवरी 1973 से **(4)** 16 जनवरी 1973 से
**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**41.** राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-2026 में विभिन्न सहायता योजनाओं में सहयोग के सन्दर्भ में, निम्न कथनों पर विचार कीजिये एवं सही विकल्प चुनिए –
**कथन (A):** अकादमी द्वारा पांडुलिपि प्रकाशन सहयोग योजनान्तर्गत 112 पाण्डुलिपियों को स्वीकृत किया गया।
**कथन (B):** 2025-2026 में कुल 8 साहित्यकारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। साहित्यिक पत्र–पत्रिका सहयोग योजना में कुल 21 पत्रिकाओं को सहयोग राशि स्वीकृत की गई।
**(1)** कथन (A) सत्य तथा कथन (B) असत्य है
**(2)** (A) तथा (B) दोनों कथन असत्य हैं
**(3)** (A) तथा (B) दोनों कथन सत्य हैं
**(4)** कथन (A) असत्य तथा कथन (B) सत्य है
**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**42.** राजस्थान बजट 2026-27 के अनुसार, रिफाइनरी तथा इसकी एनसिलरी यूनिट्स में कार्य करने के लिए स्थानीय युवाओं के कौशल विकास हेतु क़िस जिले में "कौशल विकास हब" विकसित किया जायेगा?
**(1)** बाड़मेर **(2)** जोधपुर
**(3)** बालोतरा **(4)** जैसलमेर
**(5)** अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

43. On May 13, 2026, Governor and Chancellor Shri Haribhau Bagade appointed whom as the Vice-Chancellor of Mohanlal Sukhadia University, Udaipur?
(1) Prof. Raman Kumar Dave
(2) Prof. Madan Singh Rathore
(3) Prof. Kailash Daga
(4) Prof. Suresh Kumar Agarwal
(5) Question not attempted

44. Which disease has been removed from the definition of "dangerous disease" by the Rajasthan Municipalities (Amendment) Bill, 2026?
(1) Smallpox (2) Syphilis
(3) Plague (4) Leprosy
(5) Question not attempted

45. How many medals did Rajasthan win at the 5th Junior and Senior West Zone Roll Ball Championship held in Udaipur in May 2026?
(1) Two gold medals, one silver medal and one bronze medal
(2) One gold medal, two silver medals and one bronze medal
(3) One gold medal, one silver medal and two bronze medals
(4) Two gold medals, two silver medals and one bronze medal
(5) Question not attempted

46. Consider the following statements in the context of Theranostics platform recently developed by IIT Jodhpur and choose the correct option -
**Statement (A):** Theranostics represents a paradigm shift in the medical science, seamlessly integrating diagnosis and therapy into a single unified platform.
**Statement (B):** This pioneering work is led by Dr. Raviraj Vankayala.
**Statement (C):** A key highlight of the research is phototheranostics, where the interaction between light and nanotechnology is used to diagnose, treat and monitor diseases.
(1) Only statement (A) is true
(2) Only statements (B) and (C) are true
(3) Only statements (A) and (B) are true
(4) All three statements (A), (B) and (C) are true
(5) Question not attempted

43. 13 मई 2026 को राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े ने किन्हें मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है?
(1) प्रो. रमण कुमार दवे
(2) प्रो. मदन सिंह राठौड़
(3) प्रो. कैलाश डागा
(4) प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2026 के द्वारा "खतरनाक रोग" की परिभाषा में से किस रोग को हटाया गया है?
(1) चेचक (2) उपदंश
(3) प्लेग (4) कुष्ठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. मई 2026 में, उदयपुर में आयोजित पांचवीं जूनियर और सीनियर वेस्ट ज़ोन रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान ने कितने पदक जीते?
(1) दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक
(2) एक स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और एक कांस्य पदक
(3) एक स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और दो कांस्य पदक
(4) दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और एक कांस्य पदक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. आईआईटी जोधपुर द्वारा हाल ही में विकसित थेरानोस्टिक्स प्लेटफॉर्म के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें –
**कथन (A):** थेरानोस्टिक्स चिकित्सा विज्ञान में एक नई क्रांति (Paradigm Shift) का प्रतीक है, जिसमें निदान (Diagnosis) और उपचार (Therapy) को एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया जाता है।
**कथन (B):** इस अग्रणी कार्य का नेतृत्व डॉ. रविराज वंकायला कर रहे हैं।
**कथन (C):** इस शोध की एक प्रमुख विशेषता "फोटोथेरानोस्टिक्स" (Phototheranostics) है, जिसमें प्रकाश (Light) और नैनोप्रौद्योगिकी की पारस्परिक क्रिया से रोगों का निदान, उपचार और निगरानी की जाती है।
(1) केवल कथन (A) सत्य है
(2) केवल कथन (B) और (C) सत्य हैं
(3) केवल कथन (A) और (B) सत्य हैं
(4) तीनों कथन (A), (B) और (C) सत्य हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

47. Who among the following players, selected in the Indian Women's Kabaddi Team for the Asian Beach Kabaddi Games held in China in April 2026, belongs to Rajasthan?
(1) Manpreet Kaur (2) Nikita
(3) Simran Kamboj (4) Manisha Kumari
(5) Question not attempted

48. Analyse the following statements regarding dairy development and basic infrastructure in Rajasthan (in context with official information given in April 2026) -
**Statement (I):** The target for milk processing capacity in the state has been set to increase to 94 lakh litres per day in the next two years.
**Statement (II):** Under the SARAS Self-Employment Scheme, 3000 new booths have been established and the brand is expanding its reach to Delhi-NCR, Himachal Pradesh and Haryana.
Select the correct option -
(1) Only statement (II) is correct
(2) Only statement (I) is correct
(3) Both statement (I) and statement (II) are incorrect
(4) Both statement (I) and statement (II) are correct
(5) Question not attempted

49. Where was the statue of Shri Rao Dudaji unveiled by Union Defence Minister on May 14, 2026?
(1) Khinvsar (2) Merta
(3) Degana (4) Parbatsar
(5) Question not attempted

50. Consider the following statements regarding the Asian Para Throwball Championship and choose the correct option -
**Statement (A):** Four players from Rajasthan participated in the second Asian Para Throwball Championship held in Kuala Lumpur this year.
**Statement (B):** The third Asian Para Throwball Championship will be held from March 5 to 8, 2027, at the Rajasthan University campus.
(1) Both statements (A) and (B) are false
(2) Statement (A) is true and statement (B) is false
(3) Both statements (A) and (B) are true
(4) Statement (A) is false and statement (B) is true
(5) Question not attempted

47. अप्रैल 2026 में, चीन में आयोजित एशियन बीच कबड्डी गेम्स के लिए भारतीय महिला कबड्डी टीम में चयनित निम्नलिखित खिलाड़ियों में से कौन राजस्थान से संबंधित हैं?
(1) मनप्रीत कौर (2) निकिता
(3) सिमरन कम्बोज (4) मनीषा कुमारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. राजस्थान में डेयरी विकास और बुनियादी ढांचे के संबंध में, निम्नलिखित कथनों का विश्लेषण कीजिए (अप्रैल 2026 में दी गई आधिकारिक सूचना के संदर्भ में) –
**कथन (I):** राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को अगले दो वर्षों में बढ़ाकर 94 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य रखा गया है।
**कथन (II):** सरस स्वरोजगार योजना के तहत, 3000 नए बूथ स्थापित किए गए हैं और ब्रांड का विस्तार दिल्ली–एनसीआर, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा तक किया जा रहा है।
सही विकल्प का चयन करें –
(1) केवल कथन (II) सही है
(2) केवल कथन (I) सही है
(3) कथन (I) तथा कथन (II) दोनों गलत हैं
(4) कथन (I) तथा कथन (II) दोनों सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. 14 मई 2026 को श्री राव दूदाजी की मूर्ति का अनावरण केन्द्रीय रक्षा मंत्री द्वारा किस स्थान पर किया गया?
(1) खींवसर (2) मेड़ता
(3) डेगाना (4) परबतसर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –
**कथन (A):** इस वर्ष कुआलालंपुर में आयोजित, दूसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया।
**कथन (B):** तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में 5 से 8 मार्च 2027 को किया जाएगा।
(1) (A) तथा (B) दोनों कथन असत्य हैं
(2) कथन (A) सत्य तथा कथन (B) असत्य है
(3) (A) तथा (B) दोनों कथन सत्य हैं
(4) कथन (A) असत्य तथा कथन (B) सत्य है
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

51. In which state Karanpura and Chandrapura coal fields are located?

(1) Chhattisgarh (2) Bihar

(3) Jharkhand (4) Odisha

(5) Question not attempted

52. Which of the following landmass is separated by Davis Strait?

(1) Greenland and Baffin Island

(2) Greenland and Iceland

(3) Baffin Island and Victoria Island

(4) Cuba and Jamaica

(5) Question not attempted

53. In which of the following regions, extensive commercial grain cultivation is practised?

(A) Pampas of Argentina

(B) Canterbury plains of New Zealand

(C) Amazon Basin

(D) Velds of South Africa

Select the correct answer using the code given below -

Code -

(1) (A), (B), (C) and (D) (2) Only (A) and (B)

(3) (B), (C) and (D) (4) (A), (B) and (D)

(5) Question not attempted

54. Which of the following Biosphere Reserves of India are included in UNESCO's World Network of Biosphere Reserves (WNBR)?

(A) Nanda Devi (B) Similipal

(C) Nokrek (D) Cold Desert

Select the correct answer using the code given below -

(1) Only (B) and (D)

(2) Only (A), (B) and (C)

(3) Only (A), (C) and (D)

(4) (A), (B), (C) and (D)

(5) Question not attempted

51. करनपुरा तथा चन्द्रपुरा कोयला क्षेत्र किस राज्य में अवस्थित हैं?

(1) छत्तीसगढ़ (2) बिहार

(3) झारखण्ड (4) ओडिशा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. निम्नलिखित में से कौनसा भूभाग डेविस जलडमरूमध्य के द्वारा विभाजित होता है?

(1) ग्रीनलैंड तथा बैफिन द्वीप

(2) ग्रीनलैंड तथा आइसलैंड

(3) बैफिन द्वीप तथा विक्टोरिया द्वीप

(4) क्यूबा तथा जमैका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में, विस्तृत व्यापारिक अन्नोत्पादक कृषि की जाती है?

(A) अर्जेण्टीना के पम्पास

(B) न्यूज़ीलैंड के कैण्टरबरी मैदान

(C) अमेज़न बेसिन

(D) दक्षिण अफ्रीका के वेल्ड्स

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –

कूट –

(1) (A), (B), (C) तथा (D) (2) केवल (A) तथा (B)

(3) (B), (C) तथा (D) (4) (A), (B) तथा (D)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. भारत के निम्नलिखित जैवमंडल आरक्षित क्षेत्रों में से कौनसे यूनेस्को के विश्व जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र नेटवर्क (WNBR) में सम्मिलित हैं?

(A) नंदा देवी (B) सिमलीपाल

(C) नोकरेक (D) कोल्ड डेज़र्ट

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

(1) केवल (B) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (C)

(3) केवल (A), (C) और (D)

(4) (A), (B), (C) और (D)

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

5. With reference to methane ($CH_4$) emissions, consider the following sources -
(A) Paddy cultivation
(B) Excreta of cattle and other livestock
(C) Termites
(D) Waste landfills
Which of the above are sources of methane emissions?
(1) Only (A) and (B)
(2) Only (B), (C) and (D)
(3) Only (A), (B) and (D)
(4) (A), (B), (C) and (D)
(5) Question not attempted

6. Among the following, which is NOT a West flowing river?
(1) Sharavati
(2) Subarnarekha
(3) Periyar
(4) Bharathapuzha
(5) Question not attempted

57. Consider the following -
(A) Walvis Ridge
(B) Sunda Trench
(C) Sargasso Sea
(D) Mariana Trench
How many of the above are associated with the Atlantic Ocean?
(1) Only two
(2) Only three
(3) Only one
(4) All four
(5) Question not attempted

58. North-East trade winds blow from -
(1) Sub-tropics to Equator in Northern Hemisphere
(2) Sub-tropics to Equator in Southern Hemisphere
(3) Sub-tropics to Sub-polar zone in Northern Hemisphere
(4) Sub-tropics to Sub-polar zone in Southern Hemisphere
(5) Question not attempted

59. The normal dates of the arrival of the South-West monsoon at Jaipur, Lucknow and Chandigarh are -
(1) 15th June to 1st July
(2) 1st July to 15th July
(3) 10th June to 15th June
(4) 10th July to 25th July
(5) Question not attempted

55. मीथेन ($CH_4$) उत्सर्जन के संदर्भ में, निम्नलिखित स्त्रोतों पर विचार कीजिए –
(A) धान की कृषि
(B) मवेशियों और अन्य पशुधन का अपशिष्ट
(C) दीमक
(D) अपशिष्ट भराव क्षेत्र
उपर्युक्त में से कौनसे मीथेन उत्सर्जन के स्त्रोत हैं?
(1) केवल (A) और (B)
(2) केवल (B), (C) और (D)
(3) केवल (A), (B) और (D)
(4) (A), (B), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. निम्नलिखित में से कौनसी नदी पश्चिम प्रवाहित नहीं है?
(1) शरावती
(2) सुवर्णरेखा
(3) पेरियार
(4) भरतपुझा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –
(A) वाल्विस कटक
(B) सुंडा गर्त
(C) सारगैसो सागर
(D) मेरियाना गर्त
उपर्युक्त में से कितने अटलांटिक महासागर से संबंधित हैं?
(1) केवल दो
(2) केवल तीन
(3) केवल एक
(4) सभी चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. उत्तर–पूर्वी व्यापारिक पवनें प्रवाहित होती हैं –
(1) उत्तरी गोलार्द्ध में उपोष्ण कटिबंध से भूमध्यरेखा की ओर
(2) दक्षिणी गोलार्द्ध में उपोष्ण कटिबंध से भूमध्यरेखा की ओर
(3) उत्तरी गोलार्द्ध में उपोष्ण कटिबंध से उप–ध्रुवीय कटिबंध की ओर
(4) दक्षिणी गोलार्द्ध में उपोष्ण कटिबंध से उप–ध्रुवीय कटिबंध की ओर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में दक्षिण–पश्चिम मानसून के पहुँचने की सामान्य तिथियाँ हैं –
(1) 15 जून से 1 जुलाई
(2) 1 जुलाई से 15 जुलाई
(3) 10 जून से 15 जून
(4) 10 जुलाई से 25 जुलाई
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

60. Which of the following Hills/Ranges is NOT a part of the Eastern Ghats?
(1) Javadi Hills (2) Palkonda Range
(3) Shevaroy Hills (4) Balaghat Range
(5) Question not attempted

61. If for the year 2024 -
a - represents the share of mineral fuels, oils, distillation products etc. in India's total imports.
b - represents the share of electrical & electronic equipment in India's total imports.
c - represents the share of pearls, precious stones, metals, coins etc. in India's total imports.
d - represents the share of nuclear reactors, boilers, machinery etc. in India's total imports.
Then which of the following option is correct?
(1) a > d > c > b (2) a > b > c > d
(3) a > c > d > b (4) a > c > b > d
(5) Question not attempted

62. The Government of India has been implementing the National Food Security Mission since 2007 to enhance the productivity and production of various crops. In the financial year 2025, the scheme was renamed as -
(1) National Food Security and Productivity Enhancement Mission
(2) National Agricultural Productivity Enhancement Mission
(3) National Food Security and Nutrition Mission
(4) National Crop Production Enhancement Mission
(5) Question not attempted

63. Which of the following statements are correct about service sector of India?
(i) The National Statistical Office has launched the first-ever annual survey of incorporated service sector enterprises.
(ii) The reference period of this survey is the financial year 2025-26.
(iii) The survey is aimed at developing a comprehensive database of the incorporated services sector of the country.
**Code -**
(1) Only (i) and (ii) are correct
(2) (i), (ii) and (iii) are correct
(3) Only (ii) and (iii) are correct
(4) Only (i) and (iii) are correct
(5) Question not attempted

60. निम्नलिखित में से कौनसी पहाड़ी / श्रृंखला पूर्वी घाट का हिस्सा नहीं है?
(1) जावदी पहाड़ियाँ (2) पालकोण्डा श्रृंखला
(3) शेवरॉय पहाड़ियाँ (4) बालाघाट श्रृंखला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. यदि वर्ष 2024 के लिए --
a - भारत के कुल आयात में खनिज ईंधन, तेल, आसवन उत्पादों आदि के अंश को दर्शाये।
b - भारत के कुल आयात में वैद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के अंश को दर्शाये।
c - भारत के कुल आयात में मोती, कीमती पत्थर, धातु, सिक्के आदि के अंश को दर्शाये।
d - भारत के कुल आयात में नाभिकीय रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी आदि के अंश को दर्शाये।
तो निम्न में से कौनसा विकल्प सही है?
(1) a > d > c > b (2) a > b > c > d
(3) a > c > d > b (4) a > c > b > d
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. भारत सरकार वर्ष 2007 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन का क्रियान्वयन विभिन्न फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिये कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025 में, इस योजना का नाम बदलकर कर दिया गया –
(1) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और उत्पादकता वृद्धि मिशन
(2) राष्ट्रीय कृषि उत्पादकता वृद्धि मिशन
(3) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन
(4) राष्ट्रीय फसल उत्पादन वृद्धि मिशन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. भारत के सेवा क्षेत्र के बारे में, निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं?
(i) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने निगमित सेवा क्षेत्र के उद्यमों का पहला वार्षिक सर्वेक्षण शुरू किया है।
(ii) इस सर्वेक्षण की सन्दर्भ अवधि वित्तीय वर्ष 2025-26 है।
(iii) इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के निगमित सेवा क्षेत्र का एक व्यापक डेटाबेस विकसित करना है
कूट :–
(1) केवल (i) और (ii) सही हैं
(2) (i), (ii) और (iii) सही हैं
(3) केवल (ii) और (iii) सही हैं
(4) केवल (i) और (iii) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

64. As per the Economic Survey of India 2025-26, in terms of geographical distribution, which of the following state contributed maximum to the total employment in the manufacturing sector of India?

(1) Maharashtra (2) Tamil Nadu
(3) Gujarat (4) Uttar Pradesh
(5) Question not attempted

65. Consider the following statements about Pradhan Mantri MUDRA Yojana -

(i) This initiative has been designed to bridge the current gap in financial accessibility, offering streamlined, easy collateral-free loans up to ₹ 50 lakh to support small scale business ventures.
(ii) Under this scheme, more than 80 percent of the loans have been sanctioned to women entrepreneurs.
(iii) Approximately one-fifth of all the loans were extended to first time entrepreneurs.

Which of the above statement/s is/are correct?

(1) Only (iii) is correct
(2) Only (i) and (iii) are correct
(3) Only (i) and (ii) are correct
(4) (i), (ii) and (iii) are correct
(5) Question not attempted

66. Under whose chairmanship was the meeting of the Rules of Procedure Committee held in the Constituent Assembly in 1946?

(1) K.M. Munshi
(2) Dr. B.R. Ambedkar
(3) Benegal Narsing Rao
(4) Dr. Rajendra Prasad
(5) Question not attempted

67. Which of the following Article of the Constitution of India promotes international peace and security?

(1) Article 51 (2) Article 52
(3) Article 48 (4) Article 53
(5) Question not attempted

68. Which one of the following bilateral naval exercise of India and Russia was held in March-April 2025?

(1) MILAN (2) INDRA
(3) VARUNA (4) KONKAN
(5) Question not attempted

64. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, भौगोलिक वितरण के मामले में, भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कुल रोज़गार में निम्न में से कौनसे राज्य ने अधिकतम योगदान दिया?

(1) महाराष्ट्र (2) तमिलनाडु
(3) गुजरात (4) उत्तर प्रदेश
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना के बारे में, निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये –

(i) इस पहल के अन्तर्गत लघु व्यवसायों को समर्थन देने हेतु 50 लाख ₹ तक के साथ आसान और बिना गारन्टी वाले ऋण उपलब्ध करवा कर, वित्तीय पहुँच में वर्तमान अंतर को कम किया जाता है।
(ii) इस योजना के अंतर्गत, 80 प्रतिशत से अधिक ऋण महिला उद्यमियों को स्वीकृत किये गये हैं।
(iii) सभी ऋणों का लगभग एक–पाँचवाँ हिस्सा पहली बार उद्यम शुरू करने वाले उद्यमियों को दिया गया है।

उपरोक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल (iii) सही है
(2) केवल (i) और (iii) सही हैं
(3) केवल (i) और (ii) सही हैं
(4) (i), (ii) और (iii) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. 1946 में संविधान सभा में प्रक्रिया नियम समिति की बैठक निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता में हुई?

(1) के.एम. मुंशी
(2) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
(3) बेनेगल नरसिंह राव
(4) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. निम्न में से भारत के संविधान का कौनसा अनुच्छेद अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को प्रोत्साहन देता है?

(1) अनुच्छेद 51 (2) अनुच्छेद 52
(3) अनुच्छेद 48 (4) अनुच्छेद 53
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. मार्च–अप्रैल 2025 में भारत एवं रूस का निम्नलिखित में से कौनसा द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास हुआ था?

(1) मिलन (2) इन्द्र
(3) वरुण (4) कोंकण
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

69. What is the minimum age prescribed for appointment as a Judge of the Supreme Court?
(1) 45 years
(2) No minimum age limit is prescribed.
(3) 35 years
(4) 30 years
(5) Question not attempted

70. According to the Constitution of India, how many times shall a person who holds, or who has held, the office of President be eligible for re-election to that office, subject to other provisions of the Constitution?
(1) Once
(2) Twice
(3) No limit is prescribed.
(4) Thrice
(5) Question not attempted

71. For the Assertion (A) and Reason (R) given below, choose the correct option from the following -
**Assertion (A) :** A person who voluntarily acquires citizenship of a foreign State ceases to be an Indian citizen.
**Reason (R) :** Article 9 of the Constitution of India prohibits Parliament from making any law granting citizenship to such persons.
(1) (A) is incorrect but (R) is correct
(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A)
(3) (A) is correct but (R) is incorrect
(4) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)
(5) Question not attempted

72. In which of the following Articles of the Constitution of India is it stated that Ministers shall hold office during the pleasure of the President?
(1) Article 76
(2) Article 77
(3) Article 74
(4) Article 75
(5) Question not attempted

73. Under which section of the Government of India Act, 1935, were the functions of the Governor-General outlined?
(1) Section 4
(2) Section 7
(3) Section 6
(4) Section 5
(5) Question not attempted

69. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए न्यूनतम आयु क्या रखी गयी है?
(1) 45 वर्ष
(2) न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।
(3) 35 वर्ष
(4) 30 वर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. भारत के संविधान के अनुसार, कोई व्यक्ति जो राष्ट्रपति के रूप में पद धारण करता है या कर चुका है, वह संविधान के अन्य उपबंध के अधीन रहते हुए उस पद के लिए कितनी बार पुनर्निर्वाचन का पात्र होगा?
(1) एक बार
(2) दो बार
(3) कोई सीमा निर्धारित नहीं है।
(4) तीन बार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के आधार पर, निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए –
**अभिकथन (A) :** जो व्यक्ति स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त करता है, वह भारत का नागरिक नहीं रहता।
**कारण (R) :** भारत के संविधान का अनुच्छेद 9 संसद को ऐसे व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने हेतु कोई भी कानून बनाने से प्रतिबंधित करता है।
(1) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में कहा गया है कि मंत्री राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपने पद धारण करेंगे?
(1) अनुच्छेद 76
(2) अनुच्छेद 77
(3) अनुच्छेद 74
(4) अनुच्छेद 75
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. 1935 के भारत शासन अधिनियम की किस धारा के अंतर्गत, गवर्नर–जनरल के कार्यों का उल्लेख किया गया?
(1) धारा 4
(2) धारा 7
(3) धारा 6
(4) धारा 5
(5) अनुत्तरित प्रश्न


Scanned with OKEN Scanner

74. Which of the following term is NOT mentioned under Article 15(1) of the Constitution of India?

(1) Region (2) Sex
(3) Religion (4) Race
(5) Question not attempted

75. In April 2026, which of the following former Union Minister was appointed as the next High Commissioner of India to the People's Republic of Bangladesh?

(1) Dinesh Trivedi (2) Dilip Ray
(3) Arvind Sawant (4) Sompal Shastri
(5) Question not attempted

76. Which of the following forms is filled out to have one's name deleted from the existing electoral roll?

(1) Form 8 (2) Form 12C
(3) Form 6A (4) Form 7
(5) Question not attempted

77. Who among the following stated that the "Indian Constitution avoided the tight mold of federalism and could be both unitary as well as federal according to the requirements of time and circumstances"?

(1) M.V. Pylee (2) K.C. Wheare
(3) Dr. B.R. Ambedkar (4) A.K. Ayyar
(5) Question not attempted

78. Consider the following statements regarding the election of the Vice-President -

(i) The Vice-President is elected jointly by only elected members of both Houses of Parliament.
(ii) A person shall be eligible to be elected as Vice-President, only if he has completed the age of 30 years.

Choose the correct answer -

(1) (i) and (ii) both are correct
(2) Only (ii) is correct
(3) Neither (i) nor (ii) is correct
(4) Only (i) is correct
(5) Question not attempted

74. भारत के संविधान के अनुच्छेद 15(1) के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किस शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है?

(1) क्षेत्र (2) लिंग
(3) धर्म (4) मूलवंश
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. अप्रैल 2026 में, निम्नलिखित में से किस पूर्व केंद्रीय मंत्री को पीपल्स रिपब्लिक ऑफ़ बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया?

(1) दिनेश त्रिवेदी (2) दिलीप रे
(3) अरविंद सावंत (4) सोमपाल शास्त्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. विद्यमान निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) से अपना नाम हटवाने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा फॉर्म भरा जाता है?

(1) फॉर्म 8 (2) फॉर्म 12सी
(3) फॉर्म 6ए (4) फॉर्म 7
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. निम्नलिखित में से किसने कहा था कि "भारतीय संविधान ने संघवाद के कठोर ढाँचे से परहेज किया है और समय तथा परिस्थितियों की आवश्यकताओं के अनुसार यह एकात्मक और संघात्मक, दोनों हो सकता है"?

(1) एम.वी. पायली (2) के.सी. व्हीयर
(3) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (4) ए.के. अय्यर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(i) उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के मात्र निर्वाचित सदस्य मिलकर करते हैं।
(ii) कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने का पात्र तभी होगा, जब वह 30 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है।

सही उत्तर चुनिए –

(1) (i) तथा (ii) दोनों सही हैं
(2) केवल (ii) सही है
(3) न तो (i) ना ही (ii) सही है
(4) केवल (i) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**79.** Consider the following statements in the context of the Directive Principles of State Policy mentioned in Article 39 of the Constitution of India -

(i) There is equal pay for equal work for both men and women.

(ii) All citizens, men and women equally have the right to an adequate means of livelihood.

Choose the correct answer -

(1) Only (ii) is correct (2) Only (i) is correct

(3) Neither (i) nor (ii) is correct (4) (i) and (ii) both are correct

(5) Question not attempted

**79.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 में उल्लेखित राज्य के नीति निदेशक तत्वों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

(i) पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो।

(ii) पुरुष और स्त्री, सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो।

सही उत्तर का चयन कीजिए –

(1) केवल (ii) सही है (2) केवल (i) सही है

(3) न तो (i) ना ही (ii) सही है (4) (i) तथा (ii) दोनों सही हैं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**80.** Which Article of the Constitution of India states that the Council of States shall not be subject to dissolution?

(1) Article 83 (2) Article 84

(3) Article 87 (4) Article 88

(5) Question not attempted

**80.** भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य सभा का विघटन नहीं होगा?

(1) अनुच्छेद 83 (2) अनुच्छेद 84

(3) अनुच्छेद 87 (4) अनुच्छेद 88

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**81.** Which 21st century skill is important for adapting to change?

(1) Memorization (2) Flexibility

(3) Repetition (4) Productivity

(5) Question not attempted

**81.** परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए कौनसा 21वीं सदी का कौशल महत्वपूर्ण है?

(1) रटना (2) लचीलापन

(3) दोहराव (4) उत्पादकता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**82.** Which of the following is NOT the component of Emotional Intelligence as given by Mayer, Caruso and Salovey?

(1) Emotional Understanding

(2) Emotional Maturity

(3) Emotional Perception

(4) Emotional Integration

(5) Question not attempted

**82.** निम्नलिखित में से कौनसा मेयर, कारुसो तथा सैलोवी द्वारा प्रदत्त सांवेगिक बुद्धिमत्ता का घटक नहीं है?

(1) सांवेगिक समझ

(2) सांवेगिक परिपक्वता

(3) सांवेगिक प्रत्यक्षीकरण

(4) सांवेगिक एकीकरण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**83.** Two statements are given below on Piaget's views on cognitive development -

**S1 :** According to Piaget's Cognitive Development Theory, children actively construct knowledge as they manipulate and explore their world.

**S2 :** Piaget believed that children's learning depends on reinforcers such as rewards from adults.

Choose the correct option -

(1) Both S1 and S2 are wrong

(2) S1 is correct and S2 is wrong

(3) Both S1 and S2 are correct

(4) S1 is wrong and S2 is correct

(5) Question not attempted

**83.** पियाजे के संज्ञानात्मक विकास संबंधी दृष्टिकोण पर नीचे दो कथन दिए गए हैं –

**S1 :** पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत के अनुसार, बच्चे अपने परिवेश का प्रतिहस्तन (मैनिपुलेट) और अन्वेषण करते हुए सक्रिय रूप से ज्ञान का निर्माण करते हैं।

**S2 :** पियाजे का मानना था कि बच्चों का सीखना वयस्कों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों जैसे पुनर्बलकों पर निर्भर करता है।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) S1 और S2 दोनों गलत हैं

(2) S1 सही है और S2 गलत है

(3) S1 और S2 दोनों सही हैं

(4) S1 गलत है और S2 सही है

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

84. McClelland's Theory of Motivation highlights the importance of some psychological needs to explain the concept of motivation. Find out which of the following is NOT related to these psychological needs?

(1) Need for homeostasis
(2) Need for power
(3) Need for achievement
(4) Need for affiliation
(5) Question not attempted

85. Match the following Critical thinking skills with their Meanings -

| Critical thinking skill | Meaning |
|---|---|
| (a) Comprehension | (i) Developing opinions or decisions |
| (b) Analysis | (ii) Organization and selection of ideas |
| (c) Synthesis | (iii) Separating a whole into component parts |
| (d) Evaluation | (iv) Combining ideas to form a new whole |

Choose the correct code -

(1) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(5) Question not attempted

86. Which of the following are key factors in preparing schools for inclusion?

(a) Rigid examination system
(b) Adaptive curriculum
(c) Traditional teaching method
(d) Accessible environment

Select the correct option -

(1) (a) and (c) (2) (a) and (b)
(3) (b) and (c) (4) (b) and (d)
(5) Question not attempted

84. मैक्लीलैंड का अभिप्रेरणा सिद्धांत, अभिप्रेरणा की अवधारणा को समझाने के लिए कुछ मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के महत्व पर प्रकाश डालता है। पता लगाएँ कि निम्नलिखित में से कौनसी इन मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं से संबंधित नहीं है?

(1) समस्थिति की आवश्यकता
(2) शक्ति की आवश्यकता
(3) उपलब्धि की आवश्यकता
(4) संबद्धता की आवश्यकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. समालोचनात्मक चिंतन कौशलों को उनके अर्थ से सुमेलित कीजिए –

| समालोचनात्मक चिंतन कौशल | अर्थ |
|---|---|
| (a) अवबोध | (i) अभिमत या निर्णय विकसित करना |
| (b) विश्लेषण | (ii) विचारों का संगठन एवं चयन करना |
| (c) संश्लेषण | (iii) संपूर्ण को घटक भागों में विभाजित करना |
| (d) मूल्यांकन | (iv) विचारों को मिलाकर एक नया संपूर्ण रूप देना |

सही कूट का चयन कीजिए –

(1) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. निम्नलिखित में से समावेशन के लिए विद्यालयों को तैयार करने के प्रमुख कारक कौनसे हैं?

(a) कठोर परीक्षा प्रणाली
(b) अनुकूली पाठ्यचर्या
(c) परम्परागत शिक्षण विधि
(d) सुगम वातावरण

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) (a) तथा (c) (2) (a) तथा (b)
(3) (b) तथा (c) (4) (b) तथा (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

**87.** Regarding Eysenck's Theory of Personality two statements are given below -

**S1 :** Regularly occurring responses are from traits and related traits from habits and several habits clustered together to constitute a type of personality.

**S2 :** Personality is more or less stable and enduring organisation of a person's character, temperament, intellect and physique.

Find out the correct option -

(1) S1 is wrong and S2 is right
(2) S1 and S2 both are correct
(3) S1 is right and S2 is wrong
(4) S1 and S2 both are wrong
(5) Question not attempted

**88.** Which statement about Cattell's Trait Theory is incorrect?

(1) Surface traits are visible.
(2) Factor analysis identifies traits.
(3) Source traits are directly observable.
(4) Source traits are basic.
(5) Question not attempted

**89.** Two statements are given below, one labeled as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read both statements carefully and choose the correct answer from the options given below -

**Assertion (A) :** Need for affiliation is aroused when people feel threatened or helpless or they are happy.

**Reason (R) :** People need friends, or want to maintain some form of relationship with others.

(1) (A) is true but (R) is false
(2) (A) and (R) both are individually true and (R) is the correct explanation of (A)
(3) (A) is false but (R) is true
(4) (A) and (R) both are individually true but (R) is not the correct explanation of (A)
(5) Question not attempted

**90.** When a person defends against anxiety by adopting behaviour opposite to his/her true feelings, that adjustment mechanism is called -

(1) Projection
(2) Denial
(3) Rationalisation
(4) Reaction formation
(5) Question not attempted

**87.** आइज़ेंक के व्यक्तित्व का सिद्धांत / शीलगुण पदानुक्रम के संबंध में, नीचे दो कथन दिए गए हैं –

**S1** : नियमित रूप से होने वाली प्रतिक्रियाएँ शीलगुणों से उत्पन्न होती हैं और संबंधित शीलगुण आदतों से तथा अनेक आदतों के समूह से मिलकर एक प्रकार के व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं।

**S2** : व्यक्तित्व किसी व्यक्ति के चरित्र, स्वभाव, बुद्धि और शारीरिक बनावट का कमोबेश स्थिर और स्थायी संगठन है।

सही विकल्प ज्ञात कीजिए –

(1) S1 गलत है और S2 सही है
(2) S1 और S2 दोनों सही हैं
(3) S1 सही है और S2 गलत है
(4) S1 और S2 दोनों गलत हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**88.** कैटल के शीलगुण सिद्धांत के बारे में कौनसा कथन गलत है?

(1) सतही शीलगुण दिखायी देने वाले होते हैं।
(2) कारक विश्लेषण द्वारा शीलगुणों की पहचान की जाती है।
(3) स्त्रोत शीलगुण सीधे अवलोकनीय होते हैं।
(4) स्त्रोत शीलगुण आधारभूत होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**89.** नीचे दो कथन दिए गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें –

**अभिकथन (A)** : संबद्धता की आवश्यकता तब जागृत होती है, जब लोग स्वयं को खतरे में या असहाय महसूस करते हैं या वे खुश होते हैं।

**कारण (R)** : लोगों को दोस्तों की जरूरत होती है, या वे दूसरों के साथ किसी न किसी रूप में संबंध बनाए रखना चाहते हैं।

(1) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है
(2) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(3) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है
(4) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**90.** जब व्यक्ति अपनी वास्तविक भावनाओं के ठीक विपरीत प्रकार का व्यवहार अपनाकर अपनी दुश्चिंता से रक्षा करने का प्रयास करता है, तो यह समायोजन युक्ति कहलाती है –

(1) प्रक्षेपण
(2) अस्वीकरण
(3) युक्तिकरण
(4) प्रतिक्रिया निर्माण
(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

91. Which of the following statement is NOT true about Operant Conditioning Theory of Learning?

(1) Reinforcement is provided after the response of the organism.

(2) The essence of learning is response modification.

(3) Conditioning is response oriented.

(4) Association between stimulus and response is on the basis of Law of Contiguity.

(5) Question not attempted

92. Two statements are given below, one labeled as (A) and the other as (R). Read both statements carefully and choose the correct answer from the options given below -

(A) : Educational psychology is predictive.

(R) : It can forecast behaviour with absolute certainty.

(1) (A) is true, (R) is false

(2) Both (A) and (R) are false

(3) (A) is false, (R) is true

(4) Both (A) and (R) are true

(5) Question not attempted

93. Which of the following is NOT an element considered for moral maturity?

(1) Rationality (2) Responsibility

(3) Moral dependence (4) Altruism

(5) Question not attempted

94. Individual differences refer to distinctiveness and variations among peoples' characteristics and behaviour patterns. Peoples' behaviour are influenced more by circumstances in which they are placed.

This view is known as -

(1) Realism (2) Situationism

(3) Connectionism (4) Naturalism

(5) Question not attempted

91. निम्नलिखित में से कौनसा कथन अधिगम के क्रिया प्रसूत अनुबंधन सिद्धांत के संबंध में सत्य नहीं है?

(1) पुनर्बलन, जीव की अनुक्रिया के बाद प्रदान किया जाता है।

(2) अधिगम का सार अनुक्रिया संशोधन है।

(3) अनुबंधन अनुक्रिया उन्मुख होती है।

(4) उद्दीपक और अनुक्रिया के मध्य साहचर्य, निकटता के नियम पर आधारित होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. नीचे दो कथन दिए गये हैं, एक को (A) और दूसरे को (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें –

(A) : शिक्षा मनोविज्ञान पूर्वानुमानात्मक है।

(R) : यह व्यवहार की पूर्ण निश्चितता के साथ पूर्वानुमान कर सकता है।

(1) (A) सत्य है, (R) असत्य है

(2) (A) और (R) दोनों असत्य हैं

(3) (A) असत्य है, (R) सत्य है

(4) (A) और (R) दोनों सत्य हैं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. निम्नलिखित में से कौनसा तत्व नैतिक परिपक्वता के अन्तर्गत नहीं माना जा सकता?

(1) तार्किकता (2) जिम्मेदारी

(3) नैतिक निर्भरता (4) परोपकारिता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. वैयक्तिक भिन्नताएँ व्यक्तियों की विशेषताओं और व्यवहार के तरीकों में विशिष्टता और विविधता को संदर्भित करती हैं। लोगों का व्यवहार उन परिस्थितियों से अधिक प्रभावित होता है, जिनमें वे रहते हैं।

यह विचार कहलाता है –

(1) यथार्थवाद (2) स्थितिवाद

(3) संबंधवाद (4) प्रकृतिवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

95. According to Erikson's Psycho-Social Development Theory -

**Assertion (A) :** Adolescents' success in defining a role for themselves, leads to the development of a sense of identity.

**Reason (R) :** When children fail to develop new skills, it can make them feel inferior.

Choose the correct option -

**(1)** (A) is true but (R) is false

**(2)** (A) is false but (R) is true

**(3)** Both (A) and (R) are individually true but (R) is not the correct explanation of (A)

**(4)** Both (A) and (R) are individually true and (R) is the correct explanation of (A)

**(5)** Question not attempted

96. Which of the following is NOT a type of intelligence according to the Sternberg's Triarchic Theory?

**(1)** Experiential or Creative

**(2)** Operational or Functional

**(3)** Componential or Analytical

**(4)** Contextual or Practical

**(5)** Question not attempted

97. Match each Intelligence test in List-I with the appropriate Defining feature in List-II. Choose the correct answer from the code given below.

| **List-I Intelligence test** | **List-II Defining Feature** |
|---|---|
| (a) Stanford-Binet Scale | (i) Based on the concept of mental age and intelligence quotient |
| (b) Wechsler Adult Intelligence Test | (ii) Comprises both verbal and non-verbal subtests |
| (c) Raven's Progressive Matrices | (iii) Assesses inductive reasoning using non-verbal stimuli |
| (d) Binet-Simon Scale | (iv) First systematic attempt to measure intelligence |

**Code -**

**(1)** (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)

**(2)** (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

**(3)** (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)

**(4)** (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

**(5)** Question not attempted

95. एरिक्सन के मनो–सामाजिक विकास के सिद्धांतानुसार –

**अभिकथन (A) :** किशोरों को स्वयं के लिए भूमिका निर्धारित करने में मिली सफलता से उनमें पहचान की भावना का विकास होता है।

**कारण (R) :** जब बच्चे नए कौशल विकसित करने में असफल होते हैं, तो इससे उनमें हीन भावना उत्पन्न हो सकती है।

सही कूट का चयन कीजिए –

**(1)** (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है

**(2)** (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है

**(3)** (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

**(4)** (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

96. निम्नलिखित में से कौनसा स्टर्नबर्ग के त्रितंत्रीय सिद्धांत के अनुसार बुद्धि का एक प्रकार नहीं है?

**(1)** अनुभवात्मक अथवा सृजनात्मक

**(2)** संक्रियात्मक अथवा प्रकार्यात्मक

**(3)** घटकीय अथवा विश्लेषणात्मक

**(4)** संदर्भात्मक अथवा प्रायोगिक

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

97. सूची–I में दिए गए प्रत्येक बुद्धि परीक्षण का मिलान सूची–II में दी गई उपयुक्त मुख्य विशेषता से कीजिए। नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए।

| **सूची–I बुद्धि परीक्षण** | **सूची–II मुख्य विशेषता** |
|---|---|
| (a) स्टैनफोर्ड–बिने स्केल | (i) मानसिक आयु एवं बुद्धि लब्धि की अवधारणा पर आधारित |
| (b) वेक्स्लर व्यस्क बुद्धि परीक्षण | (ii) शाब्दिक और अशाब्दिक उप–परीक्षणों का समावेश |
| (c) रेवन प्रोग्रेसिव मैट्राइसेस | (iii) अशाब्दिक उद्दीपनों से आगमन तर्क का आकलन |
| (d) बिने–साइमन स्केल | (iv) बुद्धि मापन का पहला व्यवस्थित प्रयास |

**कूट –**

**(1)** (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)

**(2)** (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

**(3)** (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)

**(4)** (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न



Scanned with OKEN Scanner

98. There are two statements given below about the application of psychological principles in the field of education -

**Assertion (A) :** An effective school administration and organization needs knowledge of psychology.

**Reason (R) :** Psychology helps in dealing with the problems of discipline in the school.

Choose the correct option -

(1) (A) is true but (R) is false

(2) Both (A) and (R) are individually true and (R) is the correct explanation of (A)

(3) Both (A) and (R) are individually true but (R) is not the correct explanation of (A)

(4) (A) is false but (R) is true

(5) Question not attempted

99. In Gagne's Hierarchy of Learning, which types of learning precede and succeed concept learning respectively?

(1) Verbal association learning → Multiple discrimination learning

(2) Multiple discrimination learning → Problem solving learning

(3) Multiple discrimination learning → Learning of principles

(4) Learning of principles → Problem solving learning

(5) Question not attempted

100. According to Observational Learning, some type of reinforcements can be used to reproduce desired behaviour of students. Find out which reinforcement is NOT helpful?

(1) Reward the model

(2) Reward the student

(3) Instruct the students to praise others

(4) Show how the behaviour leads to reinforcing (positive) outcomes

(5) Question not attempted

98. नीचे मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के शिक्षा के क्षेत्र में अनुप्रयोग के बारे में दो कथन दिए गये हैं –

**अभिकथन (A) :** एक प्रभावी विद्यालय प्रशासन और संगठन के लिए मनोविज्ञान का ज्ञान आवश्यक है।

**कारण (R) :** मनोविज्ञान, विद्यालय में अनुशासन संबंधी समस्याओं से निपटने में सहायक है।

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(1) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है

(2) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(3) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है

(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. गैने के अधिगम पदानुक्रम में, सम्प्रत्यय अधिगम से पहले और बाद में क्रमशः कौनसे अधिगम प्रकार आते हैं?

(1) शाब्दिक साहचर्य अधिगम → बहु विभेदन अधिगम

(2) बहु विभेदन अधिगम → समस्या समाधान अधिगम

(3) बहु विभेदन अधिगम → सिद्धांतों का अधिगम

(4) सिद्धांतों का अधिगम → समस्या समाधान अधिगम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. अवलोकनात्मक अधिगम के अनुसार, विद्यार्थियों के वांछित व्यवहार को दोहराने के लिए कुछ प्रकार के प्रोत्साहनों का उपयोग किया जा सकता है। पता लगाएं कि इनमें से कौनसा प्रोत्साहन सहायक नहीं है?

(1) प्रतिमान को पुरस्कृत करना

(2) विद्यार्थी को पुरस्कृत करना

(3) विद्यार्थियों को दूसरों की प्रशंसा करने का निर्देश देना

(4) यह दर्शाना कि व्यवहार किस प्रकार सकारात्मक परिणामों की ओर ले जाता है

(5) अनुत्तरित प्रश्न

---



Scanned with OKEN Scanner